TSVS के छात्रों ने क्लीन इंडिया पर की चर्चा

टीएसवीएस में यंग इंडियंस के साथ आयोजित हुआ स्वच्छ भारत सप्ताह, स्टूडेंट्स के लिए हुईं कई एक्टिविटीज

सिटी रिपोर्टर | भोपाल

द संस्कार वैली स्कूल में महात्मा गांधी की 150वीं जयंती के मौके पर स्वच्छ भारत सप्ताह का आयोजन किया गया। यंग इंडियंस के साथ मिलकर यह आयोजन 29 सितंबर से लेकर 5 अक्टूबर तक चला। अलग-अलग आयु वर्ग के स्टूडेंट्स ने स्वच्छ भारत की एक्टिविटीज में भाग लिया। प्रांगण और सोपान के स्टूडेंट्स ने आर्ट कॉम्पिटीशन क्लीन इंडिया ऑफ माय ड्रीम्स में भाग लिया, जिसमें उन्होंने क्लीन इंडिया को लेकर अपने विचार व्यक्त किया। वहीं शिखर ब्लॉक के स्टूडेंट्स ने स्वच्छ भारत विषय पर चर्चा की। इस एक्टिविटीज का समापन पेरेंट्स द्वारा स्वच्छता की शपथ लेकर किया गया।